भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय /Ministry Of Agriculture And Farmers Welfare
कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग/Department Of Agriculture, Co-Operation And Farmers Welfare
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान/CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE
ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म0प्र0)/TRACTOR NAGAR, P.O., BUDNI (M.P.) 466445
Website:http://www.fmttibudni.gov.in Email: fmti-mp@nic.in Tel:07564-234729 GSTIN:23AAAGC0890H1ZS
(AN ISO-9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE)

**File No.** 1–1/2022 फार्म उपज निपटान **Dated :** 21.02.2024

# निविदा सूचना
## कृषि उपज

केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) द्वारा विहित निविदा प्रपत्र पर जहाँ है जैसा है के आधार पर मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | विवरण | मात्रा (लग.) | धरोहर राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 1. | धान – पूसा बासमती 1718 | 120 क्विंटल | रू. 20,000/– |
| 2. | धान – पूसा बासमती 1637 | 05 क्विंटल | |
| 3. | सहभागी धान | 15 क्विंटल | |

इच्छुक फर्म एवं खरीददार जो उपर्युक्त धान खरीदना चाहते हैं वे निविदा फार्म एवं नियम व शर्ते केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) की वेबसाइट **www.fmttibudni.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। सम्यक रूपेण भरे गए निविदा फार्म के साथ, धरोहर राशि के तौर पर रूपये 20000/– (बीस हजार मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट जो निदेशक, के.कृ.म.प्र.व.प.संस्थान बुदनी (म.प्र.) के नाम पर, तथा जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बुदनी (ब्रांच कोड– 10819) में देय हो, लगाना होगा। भरे हुए निविदा फार्म को एक लिफाफे में मुहरबंद करना होगा। इस लिफाफे को धरोहर राशि के डिमांड ड्राफ्ट के साथ एक बडे लिफाफे में बंद/मुहरबंद कर **दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे** तक संस्थान के निविदा बॉक्स भंडार कार्यालय में डाल सकते हैं, या डाक के द्वारा भेज सकते है। परंतु डाक में देरी के लिए संस्थान जिम्मेदार नहीं होगा। नियत तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदाऐं **दिनांक 12.03.2024 को 02:30 बजे** निविदाकर्ताओं के सम्मुख खोली जाएगी निविदाकर्ताओं को पहचान पत्र एवं पते से संबंधित कागजात यथा आधार कार्ड/पैन कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

निविदाकर्ताओं को कोविड–19 की गाइड लाईन के अनुसार संस्थान में प्रवेश दिया जाएगा।

संस्थान के निदेशक महोदय को किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

(जी.आर. अम्वालकर)
कृषि अभियंता
कृते निदेशक

वितरणः
1.सभी सूचना पट्टः कार्यालय/प्रशिक्षण/परीक्षण/फार्म/कॉलोनी गेट।
2.वरिष्ठ उपकरण अभियंताः कृपया संस्थान की बेवसाईट पर अपलोड करने बावत्।
प्रतिलिपिः निदेशक महोदय को सादर सूचनार्थ।

# निविदा की शर्तें

**दिनांक 12.03.2024 को आयोजित धान उपज की नीलामी की प्रमुख शर्तें निम्न प्रकार होगी।**

**मोहरबंद निविदा शर्तें:–**

1 निविदा केवल विहत प्रपत्र (फार्म) पर भरकर लिफाफे के बाहर स्पष्ट रूप से **" धान की नीलामी के लिए निविदा"** लिख कर केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.)–466445 को रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जा सकती है अथवा स्वयं टेण्डर बॉक्स में जमा कर सकते हैं। भरी हुई निविदा **दिनांक 12.03.2024 को दोपहर 12:30 बजे तक** अवश्य पहुंच जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। निविदा, **दिनांक** 12.03.2024 को निविदाकर्ताओं के समक्ष **दोपहर** 02:30 बजे खोली जाएगी।

2. जमानत/सुरक्षा राशि का क्रास डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो निदेशक सी.एफ.एम.टी.टी.आई. बुदनी के नाम पर स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बुदनी में देय हो फार्म के साथ बंद लिफाफे में जमा करना होगा।

3. नीलामी में भाग लेने वाले निविदाकर्ता अपने साथ में वोटर कार्ड/आधार कार्ड/पैन कार्ड में से कोई भी एक छाया प्रति साथ में अवश्य लाना होगा ।

4. मोहरबंद निविदा **दिनांक 12.03.2024 को दोपहर 2:30 बजे** इच्छुक निविदाकर्ताओं के समक्ष नीलामी सभा भवन में खोली जाएगी। सामान्यतः प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता की निविदा स्वीकार की जाती है तो उन्हें निविदा राशि का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान ऑनलाइन पोर्टल https://bharatkosh.gov.in पर जमा करना होगा तथापि यदि संस्थान द्वारा उसकी निविदा स्वीकार नहीं की जाती है तो उच्चतम निविदाकर्ता से उचित निविदा मूल्य के लिए निगोशियेशन किया जा सकता है। प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता को तुरंत कार्यालय आदेश की तिथि से दस दिन के अंदर पूरी विक्रय राशि जमा कराकर माल को उठाने की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

5. **दिनांक 22.03.2024 तक** प्रथम उच्चतम निविदाकर्ता संबंधित सामग्री की विक्रय राशि जमा कराकर सामग्री उठाने में असमर्थ रहता है तो संस्थान को उनकी उच्चतम निविदा को निरस्त कर जमानत राशि एवं 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान **जब्ती कर** शासकीय खजाने में जमा करने का अधिकार होगा। तत्पश्चात् द्वितीय निविदाकर्ता को उनकी प्रस्तावित निविदा राशि पर सामग्री विक्रय करने पर विचार किया जा सकता है या उनसे उचित निविदा मूल्य के लिए निगोशियेशन किया जा सकता है, उसके उपरांत उन्हें भी संशोधित आदेश के द्वारा राशि जमा कर सामग्री उठाने की सूचना दी जावेगी। अन्यथा उच्चतम निविदाकर्ता द्वारा सामग्री क्रय करने के पश्चात् तुरंत द्वितीय उच्चतम निविदाकर्ता की जमानत राशि को लौटाया जाएगा।

6. निविदाकर्ता द्वारा अपनी क्रय उपज को किसी भी दूसरे व्यापारी/ठेकेदार को देने का अधिकार नहीं होगा यदि वह ऐसा करता है तो उनके द्वारा जमा की गई राशि व जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी।

7. यह संस्थान सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्र्तगत आता है। अतः इसके अंतर्गत सभी संबंधित जानकारी आवश्यकता पड़ने पर सफल बोलीकर्ता को उपलब्ध करवाना होगा ।

8. नीलामी के बाद फसल की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं निविदाकर्ता की होगी फसल को किसी भी प्रकार की क्षति जैसे अग्नि से जलना, अथवा अन्य अप्रिय घटना की जिम्मेदारी संस्थान के अधिकारी/कर्मचारियों की नहीं होगी इस संबंध में कोई भी शिकायत मान्य नहीं होगी

9. नीलामी की सूचना व निविदा प्रपत्र संस्थान की बेबसाइट www.fmttibudni.gov.in से डाऊनलोड कर सकते है।

10. फसल नीलामी की राशि सफल निविदाकर्ता को भारत कोश में सीधे जमा करानी होगी । कोई भी नीलामी की राशि नगद नहीं ली जायेगी ।

11. इस संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में इस संस्थान के निदेशक के पास सभी अधिकार सुरक्षित है उनका निर्णय अंतिम माना जाएगा। विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र माननीय न्यायालय बुदनी (मप्र) होगा।

12. क्रयकर्ता को स्वयं गेंहू भराई/तुलाई की व्यवस्था करना होगी। धान की दी गई मात्रा अनुमानित है। उपज को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक (शनिवार, रविवार एवं अवकाश के दिन छोड़कर) देखा जा सकता है।
संस्थान के निदेशक महोदय को किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

मुझे उपरोक्त शर्तें मंजूर है

दिनांक ............

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**

# निविदा–प्रपत्र

निदेशक,
केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान,
ट्रैक्टर नगर, बुदनी (म.प्र.) 466445

महोदय,

आपकी निविदा सूचना संख्या 1–1/2022–स्टोर दिनांक 21.02.2024 के संदर्भ में धान की उपज को क्रय करने और उठाने के लिए मैं निम्नलिखित विवरण एवं मूल्य प्रस्तुत कर रहा हूँ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदाकर्ता का नाम | |
| 2. | पता | |
| 3. | पैन नं. | |
| 4. | आधार कार्ड नं. | |
| 5. | सुरक्षा निधि रू. 20000/– का डिमाण्ड ड्राफ्ट नं. | |
| 6. | डिमाण्ड ड्राफ्ट दिनांक | |

| क्रमांक | विवरण | दर (रू) प्रति क्विंटल (100kg) अंको व शब्दों में |
|---|---|---|
| 1 | धान – पूसा बासमती 1718 | |
| 2 | धान – पूसा बासमती 1637 | |
| 3 | सहभागी धान | |

उपर्युक्त निविदा के लिए मेरे द्वारा प्रस्तुत निविदा मूल्य स्वीकृत होते है तो मैं निविदा सूचना व प्रपत्र में दी गई सभी शर्तों का अनुपालन करूँगा। उपरोक्त जानकारी मेरे विश्वास के अनुसार पूर्ण रूप से सत्य है।

**दिनांक..............................................**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**
**या**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (यदि फर्म हो)**

**संलग्नः– आधार कार्ड/पैन कार्ड की कॉपी**